म० / आउटसोर्सिंग–04 / 2026– 776

# बिहार सरकार
# डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
# (मत्स्य निदेशालय)

प्रेषक,

स्मिता सिन्हा,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

सभी क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–8/4/2026

विषय :– **बिहार लाइव स्टॉक डेवलपमेंट एजेंसी (BLDA) पटना द्वारा चयनित एजेंसियों के द्वारा उपलब्ध कराये गये मानव बल के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पत्र संख्या–710, दिनांक–25.03.2026 का संदर्भ लिया जाए। उक्त पत्र के द्वारा बिहार लाइव स्टॉक डेवलपमेंट (BLDA) एजेंसी, पटना द्वारा चयनित एजेंसियों के द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग एवं पशुपालन निदेशालय के नियंत्रणाधीन कार्यालयों में उपलब्ध कराए गए मानव बल के संबंध में निम्नांकित बिदुओं पर सूचना की मांग की गयी है, जो अबतक अप्राप्त है–

i. किन–किन एजेंसियों के द्वारा किन–किन पदों के लिए कुल कितने मानव बल उपलब्ध कराये गये है। उनके संबंध में आरक्षण कोटिवार सूचना अपेक्षित है।
ii. उपलब्ध कराये गये मानव बल किन–किन कार्यालयों में किन–किन पदों पर पदस्थापित है, से सम्बंधित प्रतिवेदन।
iii. पदस्थापित मानव बलों का (पदवार विहित योग्यता का) सत्यापन करते हुए प्रतिवेदन।
iv. मानव बल का चयन पद अनुरूप अर्हक बिन्दुओं से संबंधित सभी मानकों को पूरा किया गया है या नहीं, से सम्बंधित प्रतिवेदन।
v. मानदेय भुगतान के पूर्व मानक के अनुसार कटौती किया जा रहा है अथवा नहीं एवं कटौती की गई राशि को किस खाते में जमा किया जा रहा है, से सम्बंधित प्रतिवेदन
vi. एजेंसी द्वारा मानव बलों को निर्धारित मानदेय के अनुरूप भुगतान किया जा रहा है अथवा उससे कम, अगर कम किया जा रहा है तो कितना कम किया जा रहा है और क्यों, से सम्बंधित प्रतिवेदन।

अतः पुनः अनुरोध है कि उक्त बिन्दुओं के संबंध में वांछित प्रतिवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाए।

**इसे अत्यावश्यक समझा जाए।**

विश्वासभाजन

8/4/26

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक– 776 दिनांक– 8/4/2026

प्रतिलिपिः–आई.टी. मैनेजर, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

8/4/26

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक– 776 दिनांक– 8/4/2026

प्रतिलिपिः–सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

8/4/26

सरकार के अपर सचिव।